राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.

पत्रांक: **077** / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2026 दिनांक–09.09.2026

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर।

विषयः VBYLD 2027 क्विज में अधिकाधिक युवाओं/स्वयंसेवकों की सहभागिता हेतु मिशन मोड अभियान (Mission Mode Campaign) के आयोजन सम्बन्धी।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (यू.पी.), लखनऊ के पत्र संख्या: 15–10/रा.से.यो./क्षे.नि. /लख/2026–27/8420–8500, दिनांक 08 सितम्बर, 2026 के संदर्भ में अवगत कराना है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग को संबोधित पत्र के माध्यम से VBYLD 2027 Quiz में अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु राज्यों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त के क्रम में नियमित क्विज प्रतिभागिता के अतिरिक्त वृहद स्तर पर रासेयो स्वयंसेवकों एवं युवाओं की क्विज में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु रासेयो निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के उत्तर प्रदेश राज्य के लिए दिनांक 11 सितम्बर, 2026, 18 सितम्बर, 2026 एवं 25 सितम्बर, 2026 को Mission Mode Campaign आयोजित करने की तिथियाँ निर्धारित की गयी हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि **अपने अपने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयो द्वारा निर्धारित तिथियों 11 सितम्बर, 2026 (शुक्रवार), 18 सितम्बर, 2026 (शुक्रवार) एवं 25 सितम्बर, 2026 (शुक्रवार) को VBYLD 2027 क्विज प्रतियोगिता Mission Mode Campaign का व्यापक स्तर पर आयोजित करना सुनिश्चित करें।** क्विज प्रतिभागिता हेतु बैनर, स्टैन्डी तथा पूर्व में VBYLD में प्रतिभाग कर चुके युवाओं को भी अपने अनुभव साझा करने वाले लघु वीडियो/संदेशों के माध्यम से अन्य युवाओं को Quiz में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है उक्त तिथियों में संपन्न कार्यक्रमों के फोटो वीडियो समस्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करते हुए कार्यक्रमोपरांत विस्तृत आख्या इस कार्यालय को प्रेषित अनिवार्य रूप से करें।

नोट :– इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान को प्राथमिकता प्रदान करते हुए उक्त निर्धारित तिथियों में मिशन मोड अभियान का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

9.09.26

डॉ0(शशिकांत यादव)
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव माननीय कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा(रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखंडी उ0प्र0 शसन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,(रा0से0यो0को0)क्षेत्रीय निदशालय लखनऊ।
5. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को वि0वि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने का कश्ट करें।

भवदीय

डॉ0(शशिकांत यादव)
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो